
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

**01 नवंबर 2024**

# Teachers of Bihar


The Change Makers

## आज का सुविचार

सभी चीजों में से मुझे किताबें

सबसे अच्छी लगी।

**निकोला टेस्ला**



राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

F r i d a y

## 01 नवम्बर

1. **राज्यों का स्थापना दिवस–** 01 नवम्बर, 1956 ई. को केरल, आंध्रप्रदेश, मध्यप्रदेश, पंजाब, तमिलनाडु राज्य का गठन किया गया था। इसी दिन दिल्ली, चण्डीगढ़, अंडमान निकोबार द्वीपसमूह और पांडिचेरी को केन्द्रशासित प्रदेश घोषित किया गया।

   - **केरल– वर्ष 1956 में** भाषायी आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के तहत 1 नवम्बर, 1956 को त्रावणकोर कोचीन राज्य, मालाबार और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों को शामिल कर मौजूदा स्वरूप में केरल राज्य का गठन किया गया, लेकिन कन्याकुमारी का क्षेत्र अलग रखा गया। केरल का नाम 'केरायलम' भी है। 'केरी' का अर्थ 'नारियल का पेड़ होता है जबकि 'यम' का आशय देश से है। इस प्रकार केरल का शाब्दिक अर्थ है, 'नारियल के पेड़ का प्रदेश'। 'मलय पर्वत का देश' होने के कारण इस प्रदेश का निवासियों को मलयाली कहा गया।

     इलायची, लौंग, काली मिर्च आदि गरम मसालों का बहुतायत उत्पादन के कारण इस प्रदेश को 'गरम मसालों का प्रदेश' भी कहा जाता है। इतिहास में चेर वंश का उल्लेख भी मिलता है, जिसका क्षेत्र विस्तार केरल में था। 24 अप्रैल, 1498 ई. को प्रसिद्ध पुर्तगाली यात्री वास्को–डा–गामा कालीकट के तट पर कोजीकोड के जमेरिन राजा के दरबार में पहुँचा था। इस प्रकार भारत में पुर्तगालियों का आगमन हुआ। अंग्रेजों के समय मोपला विद्रोह भी इसी प्रदेश मे हुआ था।

   - **संदर्भः** वर्ग सात, भूगोल, **हमारी दुनिया भाग 2, अध्याय 11**
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को भारत के मानचित्र पर उपरोक्त राज्यों की चौहद्दी, इतिहास, नदियां, खान–पान, वेशभूषा, भाषा, प्रमुख पर्यटन स्थल, राजधानी आदि के बारे में बतायें।

2. **विश्व शाकाहारी दिवस–** विश्व शाकाहारी दिवस शाकाहार भोजन के लाभ और उसे बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। Vegan यानी शाकाहारी शब्द डोनाल्ड वॉटसन द्वारा दिया गया, जिसे वेजिटेरियन शब्द से लिया गया है। उस समय भेदभाव यह था कि वेगंस को डेयरी उत्पादों का उपभोग करने की अनुमति नहीं थी।, इस बात का उन्होंने विरोध किया और विरोध में अंडे का सेवन बंद कर दिया। तब से हर साल 1 नवंम्बर को पूरी दुनिया में विश्व शाकाहार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस की शुरूआत वर्ष 1994 में लुईस वालिस के द्वारा की गई थी, जब वे युनाइटेड किंगडम में 'द वेगन सोसाइटी' के अध्यक्ष बने थे।

   - **क्या आप जानते हैं?** भारत का पहला भाप इंजन चितरंजन रेल कारखाना में 1 नवम्बर, 1950 ई. को तैयार किया गया था।

## मधु प्रिया


## सात भारतीय राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों का स्थापना दिवस 1 नवम्बर




1 नवंबर को, 7 भारतीय राज्य और 2 केंद्र शासित प्रदेश अपना स्थापना दिवस मनाते है। जिसमें आंध्र प्रदेश , छत्तीसगढ़,हरियाणा, कर्नाटक, केरल, मध्य प्रदेश और पंजाब राज्यों के अलावा लक्षद्वीप और पुडुचेरी केंद्र शासित प्रदेश शामिल है। सभी का गठन इसी दिन अलग-अलग वर्षों में हुआ था। आंध्र प्रदेश की स्थापना दिवस भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित राज्य आंध्र प्रदेश का गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ था। क्षेत्र के अनुसार यह भारत का सातवां सबसे बड़ा और जनसंख्या की दृष्टि से पांचवा सबसे बड़ा राज्य है। सबसे बड़ा शहर विशाखपट्नम राजधानी है। यह राज्य तेलंगाना, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तमिलनाडु, ओडिशा राज्यों व बंगाल की खाड़ी से चारों ओर से घिरा हुआ है। साल 2014 में तेलंगाना का आंध्र प्रदेश से विभाजन हो गया। अब आंध्रा राज्य में 13 जिले शामिल हैं। जिनके नाम अनंतपुर, चित्तूर, पूर्वी गोदावरी,गुंटूर, कडपा, कृष्णा, कुरनूल, नेल्लोर, प्रकाशम, श्रीकाकुलम, विशाखापट्टनम, विजयनगरम, पश्चिम गोदावरी हैं। छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस 1 नवंबर, 2000 को मध्य प्रदेश से 16 छत्तीसगढ़ी भाषी ज़िलों को अलग कर छत्तीसगढ़ राज्य का गठन किया गया था। यह 135,190 वर्ग किमी के क्षेत्रफल के साथ भारत का 10वां सबसे बड़ा राज्य है। छत्तीसगढ़ भारत का ऐसा राज्य है जिसे 'महतारी'(मां) का दर्जा दिया गया है। यह भारत में इस्पात और विद्युत शक्ति के उत्पादन के लिए एक महत्त्वपूर्ण केंद्र है, जो भारत में उत्पादित कुल इस्पात का लगभग 15 फीसदी उत्पादन करता है। खास बात यह है कि चावल के उत्पादन के कारण इस राज्य को धान का कटोरा के नाम से भी जाना जाता है। हरियाणा और पंजाब का स्थापना दिवस पंजाब दक्षिण एशिया का क्षेत्र है, जिसका फारसी में मतलब 5 नदियों (झेलम, चेनाब, राबी, व्यास और सतलज) का क्षेत्र है। इसका पुनर्गठन 1 नवंबर 1966 को हुआ था। पंजाब से अलग होकर 1 नवंबर 1966 में हरियाणा राज्य बना। जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है। इसकी सीमाएं उत्तर में पंजाब और हिमाचल प्रदेश, दक्षिण एवं पश्चिम में राजस्थान से 1 नवंबर, 1956 को राज्य पुनर्गठन अधिनियम के अधीन किया गया था। पहले यह मैसूर राज्य कहलाता था। 1973 में पुनर्नामिकरण कर इसका नाम कर्नाटक कर दिया गया था। इसका कुल क्षेत्रफल 74, 122 वर्ग मील है, जो भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 5.83 फीसदी है। केरल का पुनर्गठन 1 नवंबर 1956 को हुआ। इस दिन केरल में केरालाप्पिरवी केरल का जन्मदिन मनाया जाता है। कुछ क्षेत्रों में इसे मलयालम दिवस के नाम से भी जाना जाता है। केरल के जिलों की बात करें तो, इसमें अलपुझा जिला, एर्नाकुलम जिला, इडुक्की, कन्नूर, कासरगोड, कोल्लम, कोट्टायम, कोझिकोड, मलप्पुरम, पालक्काड़, तिरुवनंतपुरम, त्रिशूर, वायनाड शामिल किए गए हैं।



हिंदी भाषा की प्रसिद्ध उपन्यासका
कवयित्री एंव समाज सेविका

# डॉ प्रभा खेतान जी

की जयंती पर
विनम् श्रद्धांजलि

डॉ॰ प्रभा खेतान ( जन्म-1 नवंबर 1942 मृत्यु-20 सितंबर 2008) प्रभा खेतान फाउन्डेशन की संस्थापक अध्यक्षा, नारी विषयक कार्यों में सक्रिय रूप से भागीदार, फिगरेट नामक महिला स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापक, 1966 से 2008 तक चमड़े तथा सिले-सिलाए वस्त्रों की निर्यातक, अपनी कंपनी 'न्यू होराईजन लिमिटेड' की प्रबंध निदेशिका, हिन्दी भाषा की लब्ध प्रतिष्ठित उपन्यासकार, कवियत्री तथा नारीवादी चिंतक तथा समाज सेविका थीं। उन्हें कलकत्ता चैंबर ऑफ कॉमर्स की एकमात्र महिला अध्यक्ष होने का गौरव प्राप्त था। वे केन्द्रीय हिन्दी संस्थान की सदस्या थीं।

Teachers of Bihar राकेश कुमार

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 01.11.2024

## अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान

जिस प्रकार सामान्य विज्ञान का व्यावहारिक पक्ष 'अनुप्रयुक्त विज्ञान' है, उसी प्रकार भाषाविज्ञान का व्यावहारिक पक्ष अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान (Applied linguistics) है। भाषासंबंधी मौलिक नियमों के विचार की नींव पर ही अनुप्रयुक्त भाषाविज्ञान की इमारत खड़ी होती है। संक्षेप में, इसका संबंध व्यावहारिक क्षेत्रों में भाषाविज्ञान के अध्ययन के उपयोग से है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**गोल्डन ब्रिज को दुनिया का बेहतरीन और दुर्लभ ब्रिज में गिना जाता है,ऐ ब्रिज वियतनाम में स्थित है।**

## फुटबॉल



# बैलोन डी'ओर सबसे ज्यादा जीतने वाले टॉप-5 खिलाड़ी

| खिलाड़ी | देश | कितनी बार | कब |
|---|---|---|---|
| लियोनल मेसी | अर्जेंटीना | 8 | 2009, 2010, 2011, 2012, 2015, 2019, 2021, 2023 |
| क्रिस्टियानो रोनाल्डो | पुर्तगाल | 5 | 2008, 2013, 2014, 2016, 2017 |
| माइकल प्लाटिनी | फ्रांस | 3 | 1983, 1984, 1985 |
| जोहान क्रूफ | नीदरलैंड | 3 | 1971, 1973, 1974 |
| मार्को वैन बास्टेन | नीदरलैंड | 3 | 1988, 1989 1992 |